# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 15.02.2024 को सम्पन्न 26वीं बैठक का कार्यवृत्तः

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुयेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 समशेर**<br>कुलपति,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री एम0 देवराज**<br>प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 3. | **प्रो0 डी0 परमार**<br>प्रति–कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 4. | **प्रो0 वन्दना सहगल,** प्राचार्य/अधिष्ठाता, फैकल्टी आफ आर्कीटेक्चर एवं प्लानिंग, लखनऊ, (मा0कुलपति, डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा नामित सदस्य) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 5. | **श्री राहुल गोयनका**<br>आटोमोबाइल इण्डस्ट्री, डी 59/146 ए, गोयनका निवास, सिगरा, वाराणसी–201010<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 6. | **प्रो0 तपोव्रत लहरी**<br>आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज।<br>(निदेशक, आई0आई0आई0टी0, प्रयागराज द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 7. | **प्रो0 अनिरूद्ध भालचन्द्र पंडित**<br>कुलपति<br>रसायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, मुम्बई<br>नियर खालसा कालेज, माटुंगा ईस्ट, मुम्बई–400019<br>(अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 8. | **श्री यशवन्त सिंह,**<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 9. | **डा0 एस0एस0 सिंह**<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल<br>(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित सदस्य) | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | **श्री यादवेन्द्र सिंह**<br>मैनेजिंग डाइरेक्टर, ग्रोमोर इण्टरनेशनल लि0, डी–5, साइट–1, पनकी इण्डस्ट्रियल एरिया, कानपुर–208022<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य |
| 11. | **श्री दिनेश कुमार**<br>वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 12. | **प्रो0 ललित कुमार**<br>अधिष्ठाता, शैक्षिक कियाकलाप | विशेष आमंत्री |
| 13. | **प्रो0 सुधीर कुमार शर्मा,**<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव |

**बैठक में निम्नलिखित उपस्थित नहीं हो सके:**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 योगेश जोशी,**<br>आचार्य, केमिकल इंजी0 विभाग,<br>आई0आई0टी0, कानपुर<br>(निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा नामित) | सदस्य |

मा0 अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा बैठक में उपस्थित एवं ऑन लाइन माध्यम से जुड़े समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए विगत में सम्पन्न बैठक दिनांक 15.12.2023 के उपरान्त विश्वविद्यालय में हुई विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराने के क्रम में परिषद सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय की प्रगति हेतु "Fund raising campaign" आरम्भ किया गया है। साथ ही विश्वविद्यालय को 12A तथा 80G के अन्तर्गत पंजीकृत किया गया है, जिससे विश्वविद्यालय के सुदृढ़ीकरण हेतु दिये गये दान के सापेक्ष दान कर्ताओं को Income Tax में छूट प्राप्त हो सकेगी। अधिष्ठाता, योजना एवं श्रोत जनन द्वारा इस अभियान के अन्तर्गत Alumni तथा अन्य दानकर्ताओं से संपर्क किया जा रहा है। विदेश में रह रहे Alumni से दान हेतु FEMA/FERA से अनुमति की प्रक्रिया चल रही है। विश्वविद्यालय में चतुर्थ चरण में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है, जिसमें दिनांक 06.01.2024 को विज्ञापित कुल 26 रिक्तियों के सापेक्ष आवेदन प्राप्त हो चुके है। भर्ती प्रक्रिया मार्च के द्वितीय सप्ताह तक पूर्ण होने की सम्भावना है। विश्वविद्यालय के तीन विभागों का प्रत्यायन कराये जाने हेतु SAR अपलोड कर दिया गया है तथा NBA Expert Team का भ्रमण मार्च 2024 में प्रस्तावित है। सभी संकाय सदस्य शैक्षणिक, शोध तथा

आउटरीच गतिविधियों में सक्रिय रूप से प्रतिभाग कर रहे हैं। उच्च गुणवत्ता के शोध पत्रों का प्रकाशन, अन्तर्राष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा पुस्तकों का प्रकाशन, वर्कशाप, शोध परियोजनाओं का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। विश्वविद्यालय ने दिनांक 18.12.2023 को Defence Materials and Stores Research and Development Establishment (DMSRDE) कानपुर के साथ शोध सहयोगात्मक MoU हस्ताक्षरित किया है। शैक्षिक एवं शोध संस्थानों तथा औद्योगिक इकाईयों के साथ किये गये MoUs पर कार्य प्रगति पर है। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रयोगार्थ कम्प्यूटेशनल सुविधा को विकसित करने हेतु ANSYS सॉफ्टवेयर क्रय किया जा रहा है। केमिकल इंजी० विभाग अपने नवीन भवन में पूर्ण रूप से स्थापित हो चुका है। सभी प्रयोगशालायें एवं कक्षायें संचालित की जा रही है। विश्वविद्यालय द्वारा 04 नये टाइप IV आवासीय भवनों को निर्माण कराया जा रहा है जिसका भूमि पूजन दिनांक 14/02/2024 को हो चुका है तथा निर्माण एजेन्सी द्वारा 01 वर्ष में कार्य पूर्ण किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया है। शासन द्वारा विश्वविद्यालय को प्रदेश के तकनीकी शिक्षा विभागान्तर्गत संचालित सभी विश्वविद्यालयों एवं संस्थाओं की केन्द्रीय काउन्सलिंग कराने का दायित्व सौंपा गया है तदनुसार कार्यवाही विश्वविद्यालय द्वारा की जा रही है।

मा० कुलपति एवं अध्यक्ष, कार्यपरिषद द्वारा उपरोक्तानुसार प्रस्तुत प्रगति आख्या के पश्चात कार्यपरिषद के मा० सदस्यों के सुझावानुसार कार्यपरिषद की प्रत्येक बैठक में विश्वविद्यालय के एक विभाग द्वारा उनके विभाग में उपलब्ध सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में प्रेजेन्टेशन दिये जाने के क्रम में प्रो आशीष कपूर, विभागाध्यक्ष, केमिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विभाग की प्रगति एवं भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में प्रजेन्टेशन दिया गया। प्रेजेन्टेशन में केमिकल इंजी० विभाग की प्रस्तुत आख्या पर कार्य परिषद् द्वारा निम्न सुझावों के साथ संतोष व्यक्त किया गया:

1. अध्यक्ष, कार्यपरिषद द्वारा विभाग के नान–पी०एच०डी० संकाय सदस्यों को पी०एच०डी० हेतु प्रोत्साहित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये जिससे कि विभाग के संकाय सदस्यों का पी०एच०डी० प्रतिशत 100 हो जाए।
2. शोध कार्य को बढ़ावा दिये जाने के लिए विभाग के समस्त संकाय सदस्यों को प्रतिवर्ष 3–4 शोध पत्र प्रकाशित कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया जाए।

3. प्रायोजित शोध परियोजना प्राप्त किये जाने हेतु संबंधित एजेन्सियों को प्रस्ताव प्रेषित किये जाने के क्रम में निर्देश प्रदान किये गये कि प्रत्येक संकाय सदस्य न्यूनतम 01 शोध परियोजना प्रस्ताव प्रति वर्ष वाह्य एजेन्सियों को धन आवंटन हेतु प्रेषित करे।
4. विभाग द्वारा अगले 5—10 वर्ष का रोड—मैप तैयार किया जाए जो कि विश्वविद्यालय के रोड—मैप के अनुरूप हो।
5. विभाग को फार्मेसी, बायो—मेडिकल तथा एग्रीकल्चर क्षेत्रों में रिसर्च को बढ़ावा दिये जाने के निर्देश प्रदान किये गये जिससे कि सामाजिक उत्थान में भी विभाग का योगदान सुनिश्चित हो सके।
6. विभाग को परामर्श कार्य तथा निजी क्षेत्र के औद्योगिक ईकाइयों से संबंधित प्रोजेक्ट कार्य किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये जिससे कि विभाग एवं विश्वविद्यालय को राजस्व की प्राप्ति हो सके।
7. स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के निर्देश प्रदान किये गये।
8. विभाग के छात्रों को सेवायोजन में प्राप्त हो रहे औसत वेतन में बढोत्तरी हेतु प्रयास किये जाएं।
9. जन मानस को लाभ पहुँचाने वाले पेटेन्टस् को प्रसारित किये जाने को बढावा दिया जाय।
10. विश्व के टाप 10 विश्वविद्यालयों तथा देश के अन्य विश्वविद्यालयों के साथ पार्टनरशिप/एम0ओ0यू0 साइन कर फैकेल्टी/स्टूडेन्टस इक्सचेंज को बढावा दिया जाय।
11. विश्वविद्यालय में कौशल विकास हेतु शार्ट टर्म कोर्स तथा औद्योगिक सहयोग (Industdrial collaboration) को बढावा दिया जाय तथा उद्योगों के अनुकूल (Industry ready) छात्र तैयार किये जायं।
12. छात्रों को इन्टर्नशिप हेतु एक सेमेस्टर की जगह एक साल का विकल्प दिया जाय ताकि छात्र इण्डस्ट्री की बारीकियों को समझ कर रोजगार क्षमता बढा सके।
13. छात्रों के प्रोजेक्ट्स, स्थानीय समस्याओं का हल निकालने की तरफ प्रेरित हों।
14. अन्तर विभागीय/अन्तर विश्वविद्यालय सहयोग को और बढाया जाय।
15. वर्किंग प्रोफेशनल के लिये प्रोग्राम शुरू किये जायं।

प्रस्तुतिकरण पर सुझावों के उपरान्त 26वीं कार्य परिषद की बैठक के मदों पर चर्चा प्रारम्भ हुई।

**मद सं0 26.01 : हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 15.12.2023 को सम्पन्न 25वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

कार्य परिषद ने विश्वविद्यालय की दिनांक 15.12.2023 को सम्पन्न 25वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया।

**मद सं0 26.02 :हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर कार्य परिषद की दिनांक 15.12.2023 को सम्पन्न 25वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

कार्य परिषद ने दिनांक 15.12.2023 को सम्पन्न 25वीं बैठक में लिये गये निर्णयों में कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया और संतोष व्यक्त किया गया।

**मद सं0 26.03 : विश्वविद्यालय में रिक्त शैक्षिक पदों को भरे जाने हेतु निर्गत विज्ञापन पर कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय में रिक्त शैक्षिक पदों के सापेक्ष जारी किये गये फाइल संख्या HBTU/ESTT/01/2024 दिनांक 06.01.2024 का संज्ञान लिया तथा उक्त विज्ञापन सहित चयन प्रक्रिया की अद्यतन कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 26.04 :विश्वविद्यालय के फाइल संख्या HBTU/ESTT/01/2024 दिनांक 06.01.2024 के सापेक्ष चयन समिति एवं स्क्रीनिंग हेतु विषय विशेषज्ञों के नामों पर विचार।**

कार्यपरिषद द्वारा फाइल संख्या HBTU/ESTT/01/2024 दिनांक 06.01.2024 के माध्यम से रिक्त शैक्षिक पदों की स्क्रीनिंग समितियों तथा गठित होने वाली चयन समितियों हेतु विषय विशेषज्ञों की सूची तथा अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के सदस्यों की सूची तैयार कर मा0 कुलाधिपति महोदय को प्रस्तुत किये जाने हेतु अध्यक्ष, कार्यपरिषद/कुलपति को अधिकृत किया गया।

**मद सं0 26.05 :विश्वविद्यालय के शिक्षकों/प्रशासनिक पदो के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु किये गये विज्ञापन फाइल संख्या HBTU/ESTT/01/2023 दिनांक 09.06.2023 के सापेक्ष सह–आचार्य, बायोकेमिकल इंजी0 विभाग हेतु दिनांक 12.02.2024 को सम्पन्न चयन समिति की बैठक के उपरान्त चयन समिति द्वारा उपलब्ध कराये गये सील बन्द लिफाफे को खोलकर चयन समिति की संस्तुतियों पर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय में शिक्षको/प्रशासनिक श्रेणी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु निर्गत विज्ञापन फाइल संख्या HBTU/ESTT/01/2023 दिनांक 09.06.2023 के अन्तर्गत बायोकेमिकल इंजी0 विभाग हेतु विज्ञापित सह आचार्य (अनारक्षित श्रेणी) के 01 पद हेतु चयन समिति की बैठक दिनांक 12.02.2024 को सम्पन्न हुयी। चयन समिति की बैठक उपरान्त चयन समिति की प्राप्त संस्तुतियों का

बन्द लिफाफा कार्यपरिषद के माननीय सदस्यों के एकमत से खोला गया। चयन समिति की संस्तुतिनुसार चयन समिति द्वारा किसी भी अभ्यर्थी को सह–आचार्य पद हेतु उपयुक्त नहीं पाया गया। कार्य परिषद द्वारा चयन समिति की उपरोक्त संस्तुतियों पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 26.06 :विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 13.02.2024 को सम्पन्न 19वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद ने दिनांक 13.02.2024 को सम्पन्न विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की 19वीं बैठक के कार्यवृत्त पर निम्न निर्देशों के साथ अपना अनुमोदन प्रदान किया गया:

1. मद संख्या 19.04 के अन्तर्गत प्रस्तुत प्रस्ताव में समाहित वित्तीय उपाशय का समस्त विवरण कार्यपरिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाए।
2. मद संख्या 19.06 के अन्तर्गत प्रस्तुत प्रस्ताव पर इस शर्त के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया कि विश्वविद्यालय अपने स्तर से अधिनियम में दी गयी व्यवस्थानुसार यह अवश्य आश्वस्त हो ले कि इस हेतु कार्यपरिषद से इतर अनुमति इत्यादि की आवश्यकता तो नहीं है।

**मद सं0 26.07 : मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

**(प्रो0 एस0के0 शर्मा)**
सदस्य–सचिव

**कार्यालय – कुलसचिव**
**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय**
**कानपुर– 208002**

संख्या:1794/अदम/ओटीटीएससी/कार्यपरि0–26वीं कार्यवृत्त/2023 दिनांक: 15/02/2024

प्रतिलिपि: विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्यपरिषद के संज्ञानार्थ।

**(प्रो0 एस0के0 शर्मा)**
सदस्य–सचिव